7215(E)
12.10.26

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 09/10/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, भागलपुर के अन्तर्गत भवानीपुर–साधोपुर बाँध पथ के कि०मी० 0.00 से 5.50 कि०मी० तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2018–19 के प्रावधानित मदों की मात्रा में विचलन की स्वीकृति के प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की संशोधित अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः

(i) श्री पंकज कुमार पाल. सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री आशुतोष कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–426(अनु०) दिनांक–28.04.2023 द्वारा विचलन की स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की अनुशंसा, कार्यवाही एवं प्रतिवेदन के आधार पर कार्य से संबंधित विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–6633(E) दिनांक–25.09.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1569(अनु०) दिनांक–27.11.2025 द्वारा संशोधित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम	:	भवानीपुर–साधोपुर बाँध पथ के कि०मी० 0.00 से 5.50 कि०मी० तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2018–19
2.2	प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमंडल, भागलपुर।
2.3	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹1320.343 लाख। विभागीय पत्रांक–1706(एस0) दिनांक–18.02.2019
2.4	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹1450.051 लाख। मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–45(अनु०) दिनांक–25.02.2019
2.5	पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹1373.370 लाख। मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–358(अनु०) दिनांक–12.04.2023
2.6	एकरारनामा संख्या	:	05/SBD/BGP/ 2019-20
2.7	मूल एकरारनामा की राशि	:	₹1255.81394 लाख।

2.8 संवेदक का नाम : Topline Infra Projects Pvt. Ltd.

2.9 एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि : 04.07.2019

2.10 एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि : 03.06.2020

2.11 कार्य की भौतिक स्थिति : कार्य पूर्ण।

3. **20% से अधिक विचलन वाले मदों का विवरण :–**

Sr. No.	SDB Ref. No.	Item of work	Unit	As per Agreemented Quantity			As per Work done/Revised Estimate Quantity			(%) Percentage Increase
				Qty	Rate	Amount	Qty	Rate	Amount	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	12.3	Providing local sand in filling in foundation trenches or in plinth including ramming and watering in layer not exceeding 150mm thick with all leads and lifts including cost of all materials, labour, royalty and taxes all complete as per building specifications and direction of E/I. (mode of measurement completed volume.)	M^3	485.40	586.21	284546.00	597.898	586.21	350493.00	23.17
2.	12.8C	Plain/Reinforced concrete in open foundation complete as per drawing and technical specifications RCC Grade M20	M^3	1946.10	5902.52	11486894.00	2407.35	5902.52	14209431.00	23.70
3.	12.8(A)	Plain/Reinforced cement concrete in open foundation complete as per drawing and technical specification PCC Grade M15	M^3	505.62	5515.12	2788555.00	618.115	5515.12	3408978.00	22.25
4.	12.40	Supplying, fittings & placing HYSD bar reinforcement in foundation complete as per drawing and technically specification	MT	169.51	68304.25	11578253.00	211.021	68304.25	14413631.00	24.49
5.	13.8	Providing weep holes with dry graded stone filter 20mm to 40mm size in abutment and wing wall as per specification as direction E/I.	Each	240.00	109.38	26251.00	330.00	109.38	36095.00	37.50
		Total				**26164499.00**			**32418628.00**	

Amount as Revised Estimate:- 3,24,18,628.00

Amount as per Agreement :- 2,61,64,499.00

Amount of Variation **62,54,129.00**

4. <u>विचलन का मुख्य कारण</u> :–

विषयांकित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक–1706(एस०)अनु० दिनांक–18.02.2019 द्वारा ₹1320.343 लाख, मात्र के लिए प्राप्त है। प्राक्कलन की मूल तकनीकी स्वीकृति ₹1450.051 लाख के लिए उपभागीय पत्रांक–45(अनु०) दिनांक–25.02.2019 द्वारा प्रदान की गयी है। यह कार्य संवेदक Topline Infra Projects Pvt. Ltd. को परिमाण विपत्र की राशि से 10.00% कम दर पर आवंटित किया गया है, जिसके एकरारनामा की राशि ₹1255.81394 लाख है।

विषयाधीन पथ में नाला निर्माण कार्य हेतु श्री अंकित कुमार से प्राप्त परिवाद अनन्य संख्या–42211011703220248 8/2A/01 के सुनवाई में दिनांक–10.03.2023 को अपर मुख्य सचिव–सह–द्वितीय अपीलीय प्राधिकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा भवानी–साधोपुर बाँध पथ में नाला निर्माण कार्य कराने हेतु प्राप्त निदेश के अनुपालन में पथ के 750 मी० लम्बाई में अतिरिक्त नाला निर्माण कार्य का पुनरीक्षित प्राक्कलन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, भागलपुर द्वारा तैयार किया गया, जिसकी पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति उपभागीय पत्रांक–358(अनु०) दिनांक–12.04.2023 से ₹1373.37 लाख के लिए प्रदान की गयी है। पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने के फलस्वरुप नाला निर्माण कार्य के पाँच कार्य मदों के एकरारनामा की मात्रा में 20% से अधिक मात्रा की वृद्धि हुई है, जिसके विचलन की विभागीय स्वीकृति आवश्यक है।

5. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा</u> :–

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विचलन प्रस्ताव की समीक्षा की गयी। समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए जाते है:–

(i) एक कार्य मद में एकरारनामा की मात्रा से 20% तक विचलन के भुगतान की स्वीकृति मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना के स्तर से पूर्व में दी गयी है।

(ii) 5 कार्य मदों (कार्यवाही की कंडिका–3 पर अंकित) में 20% से अधिक की वृद्धि हो रही है एवं कार्य मदों की मात्रा में हुए विचलन की कुल राशि ₹62,54,129.00 होती है, की स्वीकृति हेतु विभागीय पत्रांक–6633(E) दिनांक–25.09.2025 से प्राप्त निदेश के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की संशोधित अनुशंसा आवश्यक कार्रवाई हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ उपस्थापित किया जा सकता है।

6. विभागीय पत्रांक–8562(E) दिनांक–22.12.2025 द्वारा विषयांकित कार्य के विचलन की स्वीकृति के संबंध में परिवाद तथा आदेश की प्रति एवं संभावित व्यय के स्थान पर वास्तविक व्यय उपलब्ध कराने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया। मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1646(अनु०) दिनांक–06.10.2026 द्वारा इसका अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जिसके आधार पर कार्य का व्यय की विवरणी निम्नवत् है:–

व्यय की विवरणी

Total Construction Cost (A)	=	₹12,11,13,081.00
Utility Shifting Cost)B)	=	₹1,35,58,972.00
Total (A+B)	=	**₹13,46,72,053.00**
Less 10% Tender Discount (-)	=	₹1,34,67,205.00
Net Amount	=	**₹12,12,04,848.00**
Price Neutralization	=	₹4,55,796.00
Claim & Vat/GST Claim	=	₹31,65,012.00
Royalty/S. Fee Claim	=	₹17,19,902.00
Actual (Length 715M) Cost Drain	=	₹60,21,346.00
Grand Total =	=	**₹13,25,66,904.00**
Say	=	**₹1325.669 लाख।**

इस योजना में कुल राशि में 715 मी० की० लम्बाई में नाला निर्माण का व्यय की राशि को सम्मिलित करने के उपरान्त कुल वास्तविक व्यय की राशि 1325.669 लाख रुपये मात्र होती है, जो प्रशासनिक स्वीकृति की राशि 1320.343 लाख से मात्र 0.40% अधिक है एवं अनुज्ञेय सीमा के अन्तर्गत है।

7. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

7.1 विभागीय पत्रांक–6633(E)we दिनांक–25.09.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1569(अनु०) दिनांक–27.11.2025 द्वारा संशोधित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आलोक में कंडिका–3 पर वर्णित विषयांकित कार्य में 20% से अधिक वृद्धि वाले मदों की विचलन की कुल राशि ₹62,54,129.00 (बासठ लाख चौवन हजार एक सौ उनतीस रुपये) मात्र की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

7.2 विचलन के मदों को शामिल किये जाने के पश्चात् कुल व्यय मूल प्रशासनिक स्वीकृति की अनुज्ञेय सीमा तक सीमित रखी जाए।

7.4 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर डाली जाय।

09/X/26

(मजीद अहमद)
आन्तरिक वित्तीय
सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

09.10.2026

(आशुतोष कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता,
सीमांचल उपभाग,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

9/X/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–181/2019– 7215(E) पटना, दिनांक 12.10.2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पूर्व बिहार अंचल, भागलपुर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

09/X/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,बिहार, पटना।